डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया ज्येष्ठ शुक्लज पक्षा08 –2083 भोपाल,दिन रविवार, दिनांक 24 मई ,2026

न्यूज गैलरी

कथक रिट्रीट इन हिमालयाज कार्यशाला 28 से 31 मई तक

भोपाल। चक्रधर कल्चरल सेंटर द्वारा पहली बार हिमाचल प्रदेश की मनमोहक वादियों में कथक रिट्रीट इन हिमालयाज कार्यशाला का आयोजन 28 मई से 31 मई तक किया जा रहा है। यह विशेष कार्यशाला बेट हिमालयन नेशनल पार्क सहित कुल्लू व अन्य मनोहरम वादियों में आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में दिल्ली कथक केंद्र के प्रतिष्ठित गुरु अभिमन्यु लाल एवंवरा एवं इंटरमीडिएट विद्यार्थियों को कथक का प्रशिक्षण देंगे, जबकि वर्ष लाल बिगिनर्स विद्यार्थियों के लिए विशेष कार्यशाला संचालित करेगी। संस्था की डायरेक्टर प्रीति त्रिपाठी ने बताया कि यह कार्यशाला विद्यार्थियों और कलाकारों के लिए एक नई अनुभूति लेकर आएगी, जहां हिमालय की सुंदर वादियों और ठंडी हवाओं के बीच कला साधना का विशेष वातावरण निर्मित होगा।

बैठक द आर्ट हाउस अनहद नाद का आयोजन आज

भोपाल। बैठक द आर्ट हाउस द्वारा संगीत प्रेमियों के लिए एक अनूठी एवं भावपूर्ण सांगीतिक प्रस्तुति अनहद नाद का आयोजन 24 मई को किया जा रहा है। इस विशेष कार्यक्रम का निर्देशन सुप्रसिद्ध लेखक गायिका सुरेखा कामले द्वारा किया गया है। अनहद नाद भारतीय शास्त्रीय संगीत की नवीन लेखन प्रयोगधर्मी स्वरूप में प्रस्तुत करने का प्रयास है। इस प्रस्तुति में लेखक के विभिन्न रंगों को पखावज, मृदंगिका तथा तबले के अद्भुत संगम के साथ पहली बार मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। पारंपरिक ध्वनियों और आधुनिक लयों का यह सामंजस्य श्रोताओं को एक अलौकिक एवं आध्यात्मिक संगीत यात्रा का अनुभव कराएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि भारतीय सांगीतिक विरासत की गहराई और उसकी आध्यात्मिक चेतना को जन जन तक पहुंचाना है। अनहद नाद में संगीत की यह अनुभूति होगी जो शब्दों से परे आत्मा को स्पर्श करती है।

भोपाल–जेवर नई फ्लाइट एक जुलाई से होगी शुरू

संतनगर। भोपाल के यात्रियों को एक और नई फ्लाइट की सौगात मिलने जा रही है। इंडिगो एयरवेज की यह फ्लाइट एक जुलाई से शुरू होगी, जिसका शेड्यूल जारी कर दिया गया है। भोपाल और नए बने नोएडा एयरपोर्ट जेवर के बीच नई डायरेक्ट फ्लाइट 1 जुलाई से शुरू हो रही है। यह फ्लाइट उड़ान सं. 6ई–7653 5640 को पर जेवर से रवाना होकर 7 बजे भोपाल पहुंचेगी। इसी तरह उड़ान संख्या 6ई–7654 भोपाल से 7540 बजे जाकर 8525 बजे जेवर पहुंचेगी।

सात लाख मकानों की गिनती पूरी

भोपाल। पंद्रह साल बाद हो रही जनगणना को लेकर शनिवार तक शहरी क्षेत्र में करीब असी फीसदी काम पूरा कर लिया गया है। जिसके तहत अब तक करीब सात लाख मकानों की गिनती कर उनके बाहर लाल स्याही से नंबरिंग कर दी गई है। शहरी क्षेत्र में 3 हजार 285 जनगणना ब्लाकों में से 2 हजार 800 ब्लाकों के मकानों की गिनती के लिए तैनात किया गया है। जिसके तहत असी फीसदी एरिया में काम पूरा हो गया है। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने बताया कि जनगणना में मकानों की गिनती का काम चल रहा है।

संज्ञान में लिया ट्रिशा के पति समर्थ की भोपाल जिला कोर्ट में पेशी, 7 दिन की पुलिस रिमांड पर

सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान शव का दोबारा पोस्टमार्टम आज

पुलिस समर्थ से यह पता लगाने की कोशिश करेगी कि फरारी के दौरान वह कहां–कहां रहा और किन लोगों ने उसकी मदद की?

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राजधानी भोपाल के चर्चित दिव्यंशा शर्मा की मौत मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई की। इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच करेगी। बेंच में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली भी शामिल रहेंगे। वहीं दिव्यंशा शर्मा केस में आरोपी पति समर्थ सिंह को शनिवार दोपहर जेपी अस्पताल में समर्थ सिंह का मेडिकल कराने के बाद 3 बजे उसे कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने समर्थ की 7 दिन की पुलिस रिमांड मंजूर कर ली।

वहीं, दिवंगत ओर से पेश हुए अधिवक्ता पर कोर्ट ने समर्थ का पासपोर्ट जब्त करने की भी आदेश दिए हैं। शुक्रवार देर रात करीब 2 बजे पुलिस समर्थ को जबलपुर से भोपाल लेकर पहुंची थी। उसे कपूर हिल्स थाने में रखा गया। थाने के बाहर बैरिकेडिंग कर पुलिस तैनात रही।

कोर्ट में पेश करने से पहले पुलिस ने भोपाल के जेपी हॉस्पिटल में उसका मेडिकल टेस्ट भी कराया। दिव्यंशा के शव का दोबारा पोस्टमॉर्टम रविवार को होगा। इसके लिए एम्स दिल्ली से चार वरिष्ठ डॉक्टरों की मेडिकल टीम बनाई गई है। यह टीम आधुनिक उपकरणों के साथ राज्य सरकार के पार्थी विमान से शनिवार देर रात भोपाल पहुंच गई।

फरारी के दौरान समर्थ ने बदला अपना हुलिया

बचाव विभाग के लिए समर्थ ने फरारी के दौरान अपना हुलिया भी बदल लिया था। दमोह जंक्शन पर पहने वाला समर्थ पहली बार मंगलवार को मध्यप्रदेश के जबलपुर में दिखा। उसने अपने बाल काटे और दाढ़ी बढ़ाकर हुलिया बदल लिया था। इसके बाद वह जबलपुर से भोपाल पहुंचा। यहां उसने एक मोबाइल शॉप से नया सिम खरीदा। इसके बाद वह भोपाल से ही फरार हो गया। पुलिस को शक है कि फरारी के दौरान उसे किसी स्थानीय व्यक्ति की मदद मिली है। पुलिस इस दिशा में भी जांच कर रही है।

समर्थ का पासपोर्ट जब्त करने का आदेश वकालत का लाइसेंस हो चुका है सस्पेंड

समर्थ का जेपी हॉस्पिटल में मेडिकल टेस्ट कराया गया

फरारी के दौरान समर्थ ने बदला अपना हुलिया

पोस्टमॉर्टम का विषय जीएडी विभाग देख रहा

कमिश्नर ने कहा कि दिव्यंशा के शव का रेस्क्यू पोस्टमॉर्टम भोपाल एम्स में ही कराया जाएगा। 48 दिन जीएडी विभाग देख रहा है, पुलिस सरकार उसके सपोर्ट में है। मामले में जो भी पेशेवर त्रुटियां होंगी, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। परिजनों का आरोप है कि दिव्यंशा की कमर टूटने और ब्लैकमार्केटिंग रिपोर्ट में विसंगति है। दिव्यंशा की उम्र 575 ग्राम है जबकि मेडिकल रिपोर्ट में 57 ग्राम लिखी गई है।

हम गिरिबाला सिंह से भी पूछताछ करेंगे

सामने में शनिवार दोपहर 1 बजे भोपाल पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें कहा कि गिरिबाला सिंह से भी पुलिस उनकी गतिविधियों को लेकर पूछताछ करेगी। पुलिस जगतपुर समर्थ की तलाश में थी, लेकिन इस बात का खुलासा नहीं हो सके कि वह सीधे कोर्ट पहुंचकर सरेंडर कर देगा। इसी गिरिबाला सिंह से भी पूछताछ करेंगे।

100 लाख मीट्रिक टन से अधिक हुआ उपार्जन

केंद्र सरकार ने 100 लाख मीट्रिक टन से अधिक खरीदी की नहीं दी अनुमति

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मप्र में इस वर्ष भी गेहूं का बंपर उपार्जन हुआ है। वर्ष 2020 के बाद आज पहली बार गेहूं का उपार्जन निर्धारित लक्ष्य 100 लाख मीट्रिक टन क्रॉस कर गया। सरकार ने स्पॉट बुकिंग पर्चों के लिए गेहूं उपार्जन की अंतिम तारीख 28 मई कर दी है। ऐसे में उपार्जन में करीब 10 लाख मीट्रिक टन का और इजाफा होने की संभावना है। इससे पहले कोविड के समय गेहूं का रिकॉर्ड 125 लाख मीट्रिक टन उपार्जन हुआ था। उस वक्त पंजाब को पछाड़कर मप्र देश में गेहूं उपार्जन में पहले स्थान पर पहुंच गया था। 2024–25 में करीब 75 लाख मीट्रिक टन तक उपार्जन हुआ था। सरकार ने इस वर्ष 100 लाख मीट्रिक टन उपार्जन का लक्ष्य रखा था। केंद्र सरकार से उसकी अनुमति भी प्राप्त की थी। यह लक्ष्य शनिवार को पूरा हो गया।

राज्य सरकार अब अपने फंड से गेहूं खरीदेगी

खरीदी ज्यादा होने की वजह से राज्य सरकार के सामने भुगतान को लेकर एक पहली चुनौती खड़ी हो गई है, चूंकि केंद्र सरकार ने 100 लाख मीट्रिक टन से अधिक की अनुमति नहीं दी है। केंद्र सरकार से अनुमति के बाद केवल 75 लाख मीट्रिक टन गेहूं का भुगतान जारी किया था। राज्य सरकार ने भी इतनी ही राशि की पावती बैंकों को दी थी। अब तक में राज्य सरकार किसानों को उपार्जित गेहूं का 20,000 करोड़ रुपए से अधिक का भी बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 99.51 रुपए और डीजल 92.49 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। वहीं, सीएनजी के दाम भी 1 रुपए बढ़कर दिल्ली में 81.09 रुपए प्रति किलोग्राम हो गए हैं, जिससे सीएनजी में हालिया कुल बढ़ोतरी 4 रुपये प्रति किलो हो गई है। महानगरों की बात करें तो मुंबई में पेट्रोल 108.49 और डीजल 95.02 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। ईंधन की कीमतों में इस भारी बढ़ोतरी का मुख्य कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों का अस्थिर होना है। फरवरी से अब से वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक

पेट्रोल सप्लाई ठप होने से बंद पड़े पेट्रोल पंपों पर कांग्रेस ने किया अनोखा प्रदर्शन

पीएम रील बनाने में मशगूल, जनता पेट्रोल को मोहताज: शुक्ला

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

जनता ने खड़ी जनता को बांटी स्पेशलिटी टॉकीज

एक तरफ खाड़ी देश और प्रदेश की राजधानी भोपाल की जनता पेट्रोल–डीजल की भारी किल्लत और लंबी लाइनों के संकट से जूझ रही है, वहीं दूसरी तरफ देश की मौजूदा सरकारों को मुहतोड़ केंचल प्रबंध मैनेजमेंट में व्यस्त है। जनता की इसी बेबसी और सरकार की संवेदनहीनता को उजागर करने के लिए शनिवार को कांग्रेस नेता रूपेश शुक्ला के नेतृत्व एक अनूठा और तीखा विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर के कई पंपों पंपों पर जब तक बाहर ईंधन के लिए घंटों से कतारों में खड़े परेशान नागरिकों को मोबाइल टॉकीज बांटी। इस दौरान लाउडस्पीकर पर ऐलानी है तो मुनाफिक तेरे हमेशा खाली रहा मुहब्बत और खामोशी का मतलब समझ गया। केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं पर करारा तंज कसा गया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस नेता रूपेश शुक्ला ने केंद्र और राज्य सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि आज देश का आम नागरिक, नौकरीपेशा, मजदूर और छात्र पेट्रोल पंपों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन सत्ता मूर्ति तक आवाज ही चुकी है। लेकिन हमारे देश के प्रधानमंत्री को देश की जनता की इस तकलीफ से कोई सरोकार नहीं।

नशे में कार से 10 किमी तक 25 लोगों को उड़ाया, तीन थाना पुलिस ने दो को पकड़ा

कार में 5 युवक सवार थे, पुलिस को देख तीन गांव निकल

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

भोपाल में शनिवार रात हिट एंड रन का सनसनीखेज मामला सामने आया। नशे में धुत्त तेज रफ्तार कार सवार ने 10 किमी तक 25 लोगों को टक्कर मारी। इस दौरान करीब 25 लोग घायल हुए। गनीमत रही कि कोई जानलेवा नहीं हुई। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

कार में पांच युवक सवार थे। पुलिस ने इनमें से दो को हिरासत में लिया है, जबकि तीन फरार हैं। पकड़े गए दोनों युवक नशे की हालत में थे। कार अनियंत्रित हालत में मिली है। पुलिस ने उन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि उसके पिता नरेंद्र हरिवाले पुलिस विभाग में पदस्थ हैं। वह रसीमगंज का निवासी है। घटना के समय अनियंत्रित नशे की हालत में ड्राइवर सीट के बगल में बैठा था, जबकि चार युवक पीछे कार की सिंगल सीट से पकड़ा गया, लेकिन तीन आरोपी मौके से भाग निकले। उनकी तलाश जारी है।

वायरलेस पर सूचना रात 8.50 बजे फिल्मी स्टाइल में तेज

स्पलर स्पोर्ट्स सर्टिफाइड कार (एमपी 04 एई 5602) कलियासोत रोड से लोगों को टक्कर मारती हुई निकली। पुलिस ने अलीशान गार्डन पुलिस को वायरलेस पर इसकी सूचना दी। अलीशान गार्डन थाना प्रभारी अनुसार लाल ने बताया कि उनको सूचना मिली थी कि इंडस्ट्रियल एरिया से तेज रफ्तार अनियंत्रित कार निकली है है।

दो बसों के फिटनेस हुए निरस्त कई बसों में इमरजेंसी विंडो जाम एक्सपायर मिले

परिवहन आयुक्त व पीटीआरआई के निर्देश पर आरटीओ व पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से चलाया चौकिंग अभियान

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

परिवहन आयुक्त व पीटीआरआई राजधानी पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशानुसार यात्री सुरक्षा को लेकर भोपाल आरटीओ व राजधानी पुलिस ने संयुक्त रूप से नियम विरोध बसों की चौकिंग को लेकर शनिवार को अभियान चलाया गया। इस दौरान एक बस में इमरजेंसी खिड़की जाम थी, वहीं दूसरी में कायर लाइटिंग की डेट एक्सपायर हो गई थी।

आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि आरटीओ व पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से चलाए गए। चौकिंग अभियान में बस एमपी 04 पीए 7774 में कायर एक्सटिंग्विशर की तारीख खत्म होने के कारण एवं आपातकालीन खिड़की आसानी से न खुलने के कारण, वहीं बस क्रमांक 39 पीबी10 में फायर एक्सटिंग्विशर न होने के कारण एवं वैनिल बटन न होने के कारण फिटनेस निरस्त किया गया है। साथ ही 12 बसों से चस्पित शर्तों के उल्लंघन के कारण शुल्क के रूप में 144000 रुपए वसूल लिए गए हैं। जितेंद्र शर्मा ने बताया कि परमिट, बीमा और फिटनेस जैसे दस्तावेजों की कागजी रूपरेखा अपडेट है। यह न सिर्फ नियमों का उल्लंघन है बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ है।

पानी से भरे टब में डूबकर डेढ़ साल की बच्ची की मौत

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित मालीखेड़ी में शनिवार सुबह पानी से टब में डूबने से डेढ़ साल की मासूम की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची रातीबड़ पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार जुबेर खान गांव मालखेड़ी परिवार में रहते हैं और मजदूरी करते हैं। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो जुड़वा बच्ची थीं। जुबेर शनिवार सुबह काम पर चला गया था।

सुबह करीब दस बजे जुबेर की पत्नी खाना बना रही थी। जुबेर की डेढ़ साल की बच्ची अलिशा खान खेलते–खेलते बाहर पहुंच गई। जुबेर की पत्नी ने पानी टब में भरकर रखा था। इसी टब में अलिशा खेलते–खेलते गिर गई, जिससे उसकी टब में डूबने से मौत हो गई।

भोपाल में हवेलियों में शाही अंदाज से बिजली चोरी

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

भोपाल के कोलार रोड स्थित इमामाबाद गांव में बिजली चोरी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। वहां दो आलीशान हवेलियों में गरीब ग्रामीणों की आड़ में मोटी मार्जिन का अवैध बिजली उपयोग किया जा रहा था। बिजली कंपनी की विजिलेंस टीम की जांच में मीटर के इलेक्ट्रानिक चिप्स से छेड़छाड़ और बिजली केबल से बुश टैपिंग कर बिजली चोरी करने का खुलासा हुआ है।

सर्विस के सुपरवाइजर इंजीनियर प्रदीप सिंह चौहान के अनुसार इमामाबाद गांव की हवेली में 4 किलोवॉट स्वीकृत लोड के मुकाबले 51.17 किलोवॉट उपयोग पाया गया। यहां 6 एसी, 41 पंखे, 58 एलईडी और कई हाई–पावर उपकरण संचालित हो रहे थे। इस मामले में 7.52 लाख रुपए की बिजली की गई चोरी गुमराह खान के परिवार में 4.5 किलोवॉट अनुमति के विरुद्ध 65.63 किलोवॉट लोड मिला। यहां 8 एसी, 2–कीचन मोटर, डीप फ्रीजर सहित कई उपकरण चल रहे थे।

मौसम नौतपा के पहले चार दिन तपेंगे... फिर भीगेगा प्रदेश

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी तीखी गर्मी है

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी तीखी गर्मी है। कुछ जिलों में लू के अलर्ट के बीच शनिवार को नीमच और खजुराहो को छोड़कर शेष जिलों में लू से राहत शुरू हो गई है। नौतपा 25 मई से शुरू हो रहा है। नौतपे में लू से राहत की शुरुआत के पहले चार दिन यानी 28 मई तक गर्मी परेशान करेगी। इसके बाद मौसम में बदलाव से प्रदेशभर में लू से राहत के साथ मौसम गर्मी से भी राहत मिलना शुरू हो जाएगी। मौसम विशेषज्ञ एवं सुकला की अनुसार बंगाल की खाड़ी से दक्षिण पश्चिमी मानसून लगातार अपनी लय में आगे बढ़ रहा है। अब अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से और आगे बढ़ा है। इससे केरल में मानसून एक जून तक सक्रिय होगा, जिससे प्रदेश में जून की शुरुआत से मौसमसून शुरू हो जाएगा। इससे बारिश, आंधी और बादलों के बीच जून जिले से मौसम गर्मी और लू से राहत मिलेगी। शनिवार को प्रदेश में अधिकतम पारा औसतन एक डिग्री रहा गिरा है। खजुराहो में पारा 454 और नौगांव में 455 डिग्री रहा है। भोपाल में एक डिग्री गिरकर 418 डिग्री रहा। यह सामान्य से दशमलव 4 डिग्री अधिक है। प्रदेशभर में औसत पारा 42 डिग्री रहा।

आज यहां लू से तीव्र लू

रविवार को सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ में तीव्र लू और दतिया, सिंध, रीवा, मऊगंज, जटनी, दमोह, निवाड़ी, सागर, सागर में लू रह सकती है। हल्के बादल छाने से छिंदवाड़ा, बालाघाट और पांढुर्ना में रात में गर्मी बढ़ सकती है।

पेयजल संकट ने ले ली जान 3 छात्राएं 1 किमी दूर कुए से भरने गई थी पानी,

डीआर संवाददाता॥ रायसेन।

भीषण गर्मी और जल संकट अब जानलेवा साबित होने लगा है। रायसेन जिले में पानी भरने गई तीन आदिवासी छात्राओं की कुए में डूबने से मौत हो गई। जिले के सगोर गांव में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है। गांव के लोगों को करीब 1 किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है।

शनिवार सुबह चार छात्राएं पानी भरने के लिए कुए पर पहुंची थीं। इसी दौरान वे नहाने लगीं और अचानक एक छात्रा का पैर फिसल गया। अपनी सहेली को बचाने के लिए दूसरी और फिर तीसरी छात्रा भी कुए में कूद गई, लेकिन गहरे पानी में तीनों की डूबने से मौत हो गई। रायसेन हायर्स में मृत छात्राओं की पहचान राधा पिता इलाके राम (12), अनुष्का पिता रामगोपाल (12) और तनु पिता इलाके राम (13) के रूप में हुई है। राधा और अनुष्का – पांचवी कक्षा में पढ़ती थीं, जबकि तनु आठवीं की छात्रा थी। तनु और राधा सगी बहनें थीं। घटना के समय चौथी छात्रा अंगीता भी मौके पर मौजूद थी। उसने गांव पहुंचकर परिजनों और ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद गांववाले बच्चियों को कुए से निकालकर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर ज्येष्ठ शुक्लपक्ष 08 - 2083 सीहोर, दिन रविवार, दिनांक 24 मई, 2026

न्यूज गैलरी

26 पर एसी चलाएं, बिल में होगी बचत

सीहोर। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि गर्मी में बिजली की खपत बढ़ती है। बिजली बिल भी बढ़ जाता है। कुछ तरीके अपनाकर बिल कम किया जा सकता है। कंपनी के मुताबिक एक सर्वे में सामने आया है कि एसी का तापमान 26 डिग्री पर सेट करने से बिजली बिल में 30 प्रतिशत तक कमी हो सकती है। शोध के अनुसार तापमान हर 1 डिग्री बढ़ाने पर स्प्लिट एसी की ऊर्जा खपत 6- कम होती है।

शिविर में वैक्सीन उपलब्धता देखी

सीहोर। सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया ने ग्राम अमलाहा में लगे टीकाकरण शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों का टीकाकरण समय पर हो। टीकाकरण बच्चों, गर्भवती महिलाओं को गंभीर बीमारियों से बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने टीकाकरण रजिस्टर देखा। सीएमएचओ के साथ स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारियों ने अलग-अलग केंद्रों पर टीकाकरण शिविरों का निरीक्षण किया।

584 शिकायतें आईं 531 का समाधान

सीहोर। जल स्तर नीचे जाने के कारण पेयजल संबंधी शिकायतों के लिए हाईटेक तंत्र बना रहा है। इसमें अभी तक 584 शिकायतें आई जिनमें से 531 का निराकरण कर दिया गया। पीएचई विभाग ने बताया कि जिले के 5017 गांवों में 499 गांवों में नलजल योजना से पानी पहुंचाई जा रही है। बाकी गांवों में 7745 हैंडपंपों और निजी कोतों से जल आपूर्ति की जा रही है।

आंवलीघाट पर जल संरक्षण कार्यक्रम

सीहोर। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 25 मई को गंगा दशहरा पर कुशी जनपद के ग्राम जोशीपुरा में नर्मदा नदी के आंवलीघाट पर जिला स्तरीय जल संरक्षण कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग मंत्री और जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर शामिल होंगी। जल गंगा संवर्धन अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए गतिविधियां होंगी।

छतरी घाट पर श्रमदान अभियान

सीहोर। सीहोर में रविवार सुबह 8 से 10 बजे तक बकरी पुल के पास स्थित छतरी घाट पर श्रमदान अभियान चलाया जाएगा। शहर के सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। अभियान का उद्देश्य मां सीवन नदी को जलकुंभी और कचरे से मुक्त करना है। सीवन पुत्र प्रदीप भावड़ा ने बताया कि सीवन पुत्र-सीवन पुत्री टीम पिछले 56 दिनों से नदी संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रही है। जागरूकता अभियान, श्रमदान कार्यक्रम और सफाई गतिविधियों के जरिए लोगों को नदी से भावनात्मक रूप से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। महिला घाट पर भी सफाई अभियान चलेगा।

टोबैको सेसेशन प्रशिक्षण में तम्बाकू छोड़ने पर जोर

सीहोर। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शनिवार को जिला चिकित्सालय में टोबैको सेसेशन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। नकसा स्वास्थ्य संस्थानों में तम्बाकू त्याग सेवाएं मजबूत करना रहा। आम लोगों को तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभाव बताने पर भी फोकस रहा। प्रशिक्षण में जिले के अलग-अलग स्वास्थ्य संस्थानों के चिकित्सा अधिकारी, दंत चिकित्सक, काउंसलर शामिल

अप-डाउन | सीहोर मुख्यालय के अनेक विभाग के कई अफसर कर रहे भोपाल से आना जाना

अफसरशाही के अप-डाउन के आगे दम तोड़ रही पीएम मोदी की अपील, साहब उड़ा रहे धूल

डीआर संवाददाता»सीहोर

एक तरफ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईंधन बचाने देश से अपील की है तो इस अपील को प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव ने भी आत्मसात करते हुए अपने काफिले में वाहनों की संख्या घटा दी है। दूसरी ओर सीहोर जिले में पदस्थ अफसरशाही इस अपील को ठेंगे पर रख रही है। जिले में तैनात दर्जनों विभागों के आला अधिकारी मुख्यालय पर रहने के बजाय रोजाना भोपाल से रोजाना अप डाउन कर रहे हैं। विडंबना देखिए कि जहां कलेक्टर स्वयं संवेदनशील है, वहीं उनके मातहत अधिकारी सरकारी संसाधनों और निजी वाहनों का दुरुपयोग कर रोज सीहोर-भोपाल की आने-जाने में 80 किलोमीटर की दूरी नाप रहे हैं। मात्र दो सीहोर

मुख्यालय पर पदस्थ होने के बावजूद अधिकारियों की एक लंबी फेहरिस्त है जो

मुख्यालय पर निवास न करते हुए भोपाल से आना जाना करते हैं। इनमें जिला पंचायत के अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी, पीआईयू, अधिकारी, पीआरआई, पीएचई, जल निगम और बिजली विभाग के अफसर शामिल हैं।

यह भी पीछे नहीं

इसी तरह प्रशासनिक एवं नीति की बात करें तो सहित्यकारी, ईओडब्ल्यू और पंजीयक, वाणिज्यकर अधिकारी और निबंध वर्ग कल्याण अधिकारी शामिल हैं, वहीं कृषि एवं स्वास्थ्य विभाग की बात करें तो कृषि अधिकारी, उद्यानिकी अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के शीर्ष अधिकारी, सीएमएम और अनुपम अधिकारी भी शामिल हैं।

हम भी किसी से कम नहीं

अन्य विभागों में महिला बाल विकास, सामाजिक न्याय, आदिमजाति कल्याण, जिला पंचायत, शिक्षण अधिकारी, वेयर हाउस शाखा प्रकल्प भाग अधिकारी, मत्स्य, उद्योग विभाग, नायब तहसीलदार और पीजी कॉलेज में भी 'जिम्मेदार साहेब' छाए एवं अधिक प्रशासन विभाग के व्यायाम इंस्पेक्टर और सहायक शाखा आयुर्वेद अधिकारी भी सीहोर-भोपाल आने जाने की श्रेणी में शामिल हैं। एक तरफ स्थान, दूसरी तरफ दुरुपयोग शहर में चर्चा है कि ये अधिकारी या तो सरकारी वाहनों से सीधा कर दुरुपयोग कर रहे हैं या फिर अपनी निजी गाड़ियों से आप डाउन कर रहे हैं, जो सीधे तौर पर ईंधन की बर्बादी है। यह स्थिति तब है जब पीएम मोदी ने देशहित में ईंधन बचाने की अपील की है।

अफसरों को आइना दिखा रहे चंदेरी के किसान

प्रशासनिक अधिकारियों की इस लापरवाही के बीच सीहोर के ग्राम चंदेरी के किसानों ने एक मिसाल पेश की है। पीएम की अपील और सीएम के छोटे कारोबारी के निर्देश से प्रेरणा लेकर इन किसानों ने अपनी बाइक छोड़कर साइकिल अपना ली है। ये किसान अब खेत खलिहान से लेकर बाजार तक का सफर साइकिल से तय कर रहे हैं ताकि देश का ईंधन और पैसा बचाया जा सके। अब कड़ा सवाल यही है कि जिला मुख्यालय रहने वाला अनुभवी देशहित में अपनी बाइक छोड़कर साइकिल चला सकता है तो भारी-भरकम वेतन और सुविधाएं पाने वाले ये स्वहित मुख्यालय पर रहकर ईंधन की बचत क्यों नहीं कर सकते।

कलेक्टर की सक्रियता के बाद भी सुस्ती

जिले के मुखिया (कलेक्टर) स्वयं मुख्यालय पर निवास करते हैं और जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हैं। बावजूद इसके अनेक विभागों के मुखिया और अधीनस्थ अधिकारियों की यह मनमानी न केवल शासन की नियमों का उल्लंघन है, बल्कि आम जनता के बीच प्रशासन की छवि को भी धूमिल कर रही है।

प्रतिबंध के बावजूद सिंचाई विभाग के तालाब में ही कर दिया बोर खनन

डीआर संवाददाता»इछावर

- शनिवार सुबह कुछ लोगों ने देखा कि निपानिया तालाब के बीचों-बीच खोदाई मशीन जिला मनिपाल के सिंचाई विभाग तालाब में बोर खनन किसानों ने इसकी वीडियो बनाकर लेकिन अवैध बोर खनन कर रही मशीन को पकड़ने के लिए कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा। क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी जारी है। लगातार बढ़ते तापमान के कारण जलस्तर गिरता जा रहा है। जिससे पेयजल संकट बढ़ाने लगा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने आगामी आदेश तक क्षेत्र में बोरिंग कराने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा रखा है, लेकिन कुछ रसूखदार और लापरवाह लोग सरकारी आदेशों को ताक पर रखकर बोर खनन करा रहे हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला शनिवार सुबह ग्राम निपानिया सिकरी के तालाब में देखने को मिला। कुछ लोग बिना मनिपाल के बोर खनन करा रहे थे।

सूचनाकर्ता की मोबाइल दीनाने का प्रयास किया इसी बीच कमांडर क्षेत्र के किसान सुनील मुकाती ने जब यह नजारा देखा तो इसका वीडियो बनाया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सुनील मुकाती ने बताया कि उन्होंने पहले 112 में फोन लगाया, लेकिन कोई भी पुलिस वाला अवैध उत्खनन रोकने के लिए नहीं पहुंचा। इसके बाद उन्होंने एसडीएम स्वाति मिश्रा को भी फोन पर जानकारी दी, लेकिन उनका जवाब था कि यह खनन विभाग का मामला है। जैसे ही खनन कर रहे लोगों और मशीन संचालकों को भनक लगी कि उनका वीडियो बनाया जा रहा है, वे पकड़े जाने के डर से अलग-अलग बोरिंग मशीन लेकर मौके से भाग खड़े हुए। सुनील मुकाती ने कहा कि

कानूनी कार्रवाई की जाएगी

निपानिया सिकरी गांव में अवैध बोर खनन का मामला हमारे संज्ञान में भी आया है। मुख्य किसी का

प्रधान न्यायाधीश ने किया जेल का निरीक्षण

डीआर संवाददाता»सीहोर

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल ने आज सीहोर जिला जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान परिसर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों और निःशुल्क विधिक सहायता की प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया गया।

निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश ने अधिवक्ता नियुक्ति, अपील प्रस्तुति, जमानत आवेदन और सजा पूरी होने के बाद भी जेल में बंदियों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जेल की पाकशाला, लीगल एड क्लीनिक, महिला सेल, पैरालीगल, पेयजल एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन किया। साथ ही, जेल विभिन्न में तैनात सभी सुरक्षाकर्मी और कर्मचारी के स्टॉक की भी जांच की। न्यायाधीश ने बंदियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके उचित निराकरण के निर्देश जेल प्रशासन को दिए। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वाती सिंह, लीगल एड डिफेंस कार्यालय संयोजिका सोनकी एवं जेल अधीक्षक सुधी प्रतिक्षा फोन उपस्थित रहीं।

कटौती के विरोध में रात 1 बजे सड़क पर उतरे ग्रामीण

डीआर संवाददाता»सीहोर

नीलम नगरी और अधोषित बिजली कटौती से परेशान होकर शुक्रवार देर रात करीब 1 बजे ग्राम चंदेरी के सैकड़ों किसान और ग्रामीण सड़कों पर उतर आए। ग्रामीणों ने सीहोर-खिलचिपुर-भोपाल मुख्य मार्ग पर मोमबत्तियां जलाकर, मोबाइल की फ्लैशलाइट ऑन कर और पटाखे फोड़कर बिजली विभाग व प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश दर्ज कराया।

स्थानीयों ने एनएच. मार्ग के नेतृत्व में हुए इस विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से नीलम नगरी में रात के समय 2-3 घंटे एक बिजली गुल रहती है। बिजली के अभाव में

पेयजल के लिए मोटरें नहीं चल पा रही हैं, जिससे पानीपत जीवन पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। साथ ही, रात में जागते रहने से गर्मी का प्रकोप बढ़ा है, जिससे बीमारियों का खतरा पैदा हो गया है। किसानों ने आरोप लगाया कि प्रशासन शहरों को तो 24 घंटे बिजली दे रहा है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों को अंधेरे में रखा जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री और कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि अघोषित कटौती तुरंत बंद नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन और चक्काजाम किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

सीहोर में दम तोड़ रही स्वास्थ्य सेवाएं 108 एंबुलेंस को लग रहा धक्का,

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गड़बड़ी का एक ज्वलंत उदाहरण सोहरा गांवमें आया है। आपातकालीन स्थिति में मरीजों की जीवन रक्षक मानी जाने वाली 108 एंबुलेंस अब खुद ही बंद खोखली मशीन बन चुकी है।

तकनीकी खराबी और मैनेजमेंट के अभाव में ये एंबुलेंस अक्सर रास्ते में बंद हो जाती है, जिन्हें शुरू करने के लिए राहगीरों को धक्का लगाना पड़ रहा है।

अस्पताल परिसर से लेकर नेशनल हाईवे तक एंबुलेंस के धक्के खाने की तस्वीरें वायरल हो चुकी हैं। गंभीर मरीज, गर्भवती महिलाओं और बच्चों को अस्पताल पहुंचाने के दौरान वाहन के बंद होने से उनकी जान पर हर पल खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय पर उपचार न मिलने से कोई अनहोनी होती है, तो इसकी जवाबदेही किसकी होगी?

शिव महापुराण रामनगर कॉलोनी में चल रही कथा के छठे दिन

डीआर संवाददाता»सीहोर।

दोराहा की रामनगर कॉलोनी में चल रही शिव महापुराण कथा के छठे दिन कथा व्यास गोस्वामी रामलाल पाठक ने कहा जो लोग सनातन धर्म और भारत की संस्कृति को खत्म करना चाहते हैं, वे खुद खत्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा भारत के वीर योद्धाओं ने घास की रोटी खाकर सनातन धर्म बचाया। राष्ट्र बचाया। उन्होंने कहा छत्रपति महाराणा प्रताप, शिवाजी के देश में हम घास खिलाकर गाय को बचा सकते हैं। क्या ये उन्होंने भगवान शिव और गणेश प्रसंग का

जिक्र किया। कहा भगवान शिव ने क्रोधवश और हठ पर अपने पुत्र गणेश का सिर काट दिया। तनिक भी विचार नहीं किया। इसी तरह हम सबको भी धर्म की स्थापना करनी चाहिए। जीवन में संकट, विपदा, दुख, दुख आते रहेंगे। हमें भगवान गणेश से सीख लेनी चाहिए। सिर कटने के बाद भी शिव परिवार घबराया नहीं। शिव की शरण में गए। गणेश को फिर जीवनदान मिला। वे प्रथम पूज्य बनकर। उन्होंने कहा बाण हर पूजन से पहले गणेश को फूल होती है। उन्हें विघ्न हरण, मंगल करनी, विघ्नहर्ता कहा जाता है। गणेश की कृपा से संसार के विघ्न दूर होते हैं। हमारे भी विघ्न दूर होंगे।

हम शिव की संतान हैं

उन्होंने कहा शिव की विशेष कृपा गणेश पर बरसती है। वही कुछ हम पर भी होगी। कथा में बताया गया कि गणेश का विवाह विश्वरूप नाम के प्रजापति की कन्या बुद्धि और सिद्धि से हुआ।

शहर के चौराहों पर लगी हाईटेक एलईडी स्क्रीन, योजनाओं, सामाजिक संदेशों की मिलेगी जानकारी

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर को आधुनिक, स्वच्छ एवं तकनीकी रूप से विकसित बनाने की दिशा में नगर पालिका परिषद द्वारा एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम ठाकुर की पहल पर नदी चौराहा, तहसील चौराहा, भोपाल नाका और बस स्टैंड पर हाईटेक एलईडी स्क्रीन लगा दी गई है और अब आने भी शहर के प्रमुख चौराहों व महत्वपूर्ण स्थानों पर हाईटेक एलईडी स्क्रीन लगाई जाएंगी, जिनके माध्यम से लोगों को

शहरवासी की जानकारी योजनाओं, नगर विकास कार्यों, सामाजिक संदेशों, प्राइवेट एवं व महत्वपूर्ण सूचनाओं की जानकारी तुरंत प्राप्त हो सकेगी।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम ठाकुर ने कहा कि शहर को नई तकनीक से जोड़ना और उसे सुंदर, स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि शहर के हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका परिषद का उद्देश्य है और इसके लिए लगातार मेहनत और जनहितकारी कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सीहोर विकास और आधुनिकता के क्षेत्र में नई पहचान बनाएगा।

वार्षिक निरीक्षण | भोपाल (देहात) रेंज के डीआईजी राकेश सिंह चंदेल ने शनिवार को सीहोर जिले का वार्षिक निरीक्षण

पुलिस सम्मेलन में सुनी समस्याएं, धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश

डीआर संवाददाता»सीहोर

भोपाल (देहात) रेंज के डीआईजी राकेश सिंह चंदेल ने शनिवार को सीहोर जिले का वार्षिक निरीक्षण किया। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस लाइन परिसर में भव्य परेड के साथ हुई, जहाँ डीआईजी ने परेड की सलामी ली। रक्षित निरीक्षक उपेन्द्र यादव के नेतृत्व में आयोजित इस परेड में उन्होंने पुलिस बल के अनुशासन, टर्नआउट और ड्रिल की बारीकी से जांच की। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती सोनाक्षी

रावलेना सहित जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी और थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने पुलिस विभाग के शस्त्रागार, कंट्रोल रूम, वज्र वाहन और एफएसएल वाहनों का भौतिक सत्यापन किया। साथ ही, उन्होंने पुलिस लाइन की बिलियर्ड, शस्त्रागार, जिम और मेस का निरीक्षण कर वहां की

व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

पुलिस सम्मेलन में सुनी समस्याएं, धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश

पुलिस लाइन में आयोजित सम्मेलन में डीआईजी ने पुलिसकर्मियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने आवास एवं नीतिगत समस्याओं के निराकरण का आश्वासन देते हुए टीम भावना, तकनीकी उपयोग और लगातार कार्यशैली पर विशेष बल दिया।

बाद में आयोजित समीक्षा बैठक में डीआईजी ने जिले की कानून-व्यवस्था की सघन समीक्षा की। उन्होंने बुरहेखलाण, सलकनपुर देवीधाम, आंवलीघाट और चिंतामन गणेश मंदिर जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर दिया। डीआईजी ने गंभीर अपराधों की पतारसी, संपत्ति संबंधी अपराधों में बरामदगी, मुस्कान अभियान और नशा पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने सीहोर पुलिस के अब तक के प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य के लिए कार्ययोजना तैयार की। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता राजा राकिल जिले का पुलिस अमला मौजूद रहा।

सेक्टर स्तरीय अधिकारियों की बैठक

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया द्वारा दोराहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेक्टर स्तरीय स्वास्थ्य अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं एवं विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता एवं नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य अधिकारी नियमित रूप से फील्ड भ्रमण करें, विजिटर्स एवं रजिस्टर अद्यतन रखें तथा हाई रिस्क महिलाओं एवं गर्भवती महिलाओं का समय पर रेफरल सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने टीकाकरण कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने, उपाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने एवं मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में सेवाओं की स्थिति, प्रसूति सेवाएं एवं संस्थागत डिलीवरी, टीकाकरण कार्य, हम एवं छम प्रगति, परिवार कल्याण कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति, दवा उपलब्धता एवं स्टॉक, लैब जांच, रेफरल लेख, न्यूक्लिक फोलिक एसिड तथा स्वच्छता एवं बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन की विस्तार समीक्षा की गई।

डीआर सीहोर

सीहोर, आष्टा, इछावर, शीरूंढा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, दोराहा, अहमदपुर, जावर ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 08 - 2083 सीहोर, दिन रविवार, दिनांक 24 मई 2026

कांग्रेस संगठन को मंडलम-सेक्टर तक मजबूत करने पर बैठक संगठन की मजबूती ही आगामी चुनावों में सफलता का आधार बनेगी, गुजराती

भैरूंदा

नगर के कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने पर बैठक हुई। इसमें जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती, पूर्वमंत्री विधानसभा प्रभारी राजकुमार उपाध्याय ने कार्यकर्ताओं के साथ संगठन विस्तार पर चर्चा की। मंडलम गठन पर बात हुई। सेक्टर गठन पर मंथन हुआ। आगामी राजनीतिक गतिविधियों की रूपरेखा पर चर्चा हुई।

राजीव गुजराती ने कहा कि गांव-गांव तक संगठन मजबूत करना जरूरी है। बूथ स्तर पर पकड़ बनानी होगी। इसके लिए मंडलम, सेक्टर इकाइयों की सक्रिय भूमिका जरूरी है। उन्होंने है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही आगामी चुनावों में सफलता का आधार बनेगी। कार्यकर्ताओं से समन्वय बनाने को कहा। जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने का आह्वान किया। राजकुमार उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस आम जनता की आवाज उठाती है

। संगठन मजबूत करने के लिए हर कार्यकर्ता को जिम्मेदारी से काम करना होगा। मंडलम, सेक्टर स्तर

पर नियमित बैठकें बुलाने पर जोर दिया। जनसमस्याएं प्राथमिकता से उठाने की बात कही। पार्टी की नीतियां घर-घर तक पहुंचाने पर जोर दिया। संगठन विस्तार पर चर्चा हुई

कांग्रेस कार्यालय

बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा हुई। सदस्यता अभियान पर बात हुई। बूथ प्रबंधन पर मंथन हुआ। महिला, युवा कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा हुई।

बैठक में भैरूंदा ब्लॉक अध्यक्ष व सुनील गोलिया, लाडकुई ब्लॉक अध्यक्ष चन्द्र मीणा, गोपालपुर ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष पटेल और तीनों ब्लॉकों के मंडलम, सेक्टर, महिला मंडल, युवा कांग्रेस, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में आए।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-08,2083 | विदिशा,दिन रविवार ,दिनांक 24 मई 2026

न्यूज गैलरी

शिक्षा संबल परीक्षा में दो छात्रों का चयन

विदिशा। जिले में आयोजित शिक्षा संबल परीक्षा में जिले के दो विद्यार्थी मनु तिवारी एवं सुमित कुमार बैरागी का चयन हुआ है। दोनों विद्यार्थी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, विदिशा के छात्र हैं। उन्होंने अपनी मेहनत, लगन एवं प्रतिभा के बल पर यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है।

श्मशान भूमि चिन्हित, पंचायत को कब्जा

विदिशा। तहसील के ग्राम भाटनी में ग्रामीणों की सुविधा एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग द्वारा श्मशान हेतु भूमि का चिन्हांकन कार्य पूर्ण कर लिया गया। राजस्व विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर निर्धारित भूमि का सीमांकन एवं सत्यापन किया गया। कार्यवाही उपरांत सर्वाधिक भूमि का विधिवत कब्जा ग्राम पंचायत भाटनी को सौंप दिया।

क्लास में डीपीओ ने बढ़ाया हौसला

विदिशा। महिला एवं बाल विकास विभाग की सशक्त वाहिनी क्लब में शुक्रवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोहा पहुंचीं। उन्होंने बालिकाओं से संवाद किया। पढ़ाई पर बात की। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर चर्चा की। भविष्य के लक्ष्यों के बारे में पूछा। लोहा ने कहा कि आत्मविश्वास जरूरी है। मेहनत लगातार होनी चाहिए। कठिन परिश्रम से लक्ष्य हासिल होता है। नियमित पढ़ाई से सफलता मिलती है।

नगद इनाम की घोषणा

विदिशा। पुलिस अधीक्षक श्री रोहित कटारावनी के द्वारा थाना सिविल लाइन विदिशा में दर्ज अपराध क्रमांक 222/2026 की विभिन्न धाराओं के फरार आरोपी हिमांशु पुत्र शिव निवास शुक्ला निवासी होमगार्ड सर्वालय रोड सीसगुप्ता विदिशा की सूचना देने वालों को तीन हजार रुपए की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

भाटनी ग्राम में शमशान भूमि चिन्हित, ग्राम पंचायत को सौंपा गया कब्जा

विदिशा। तहसील के ग्राम भाटनी में ग्रामीणों की सुविधा एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग द्वारा श्मशान हेतु भूमि का चिन्हांकन कार्य पूर्ण कर लिया गया। राजस्व विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर निर्धारित भूमि का सीमांकन एवं सत्यापन किया गया। कार्यवाही उपरांत सर्वाधिक भूमि का विधिवत कब्जा ग्राम पंचायत भाटनी को सौंप दिया गया, जिससे भविष्य में अंतिम संस्कार संबंधी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से संचालित की जा सकें। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

चार मंदिरों में चोरी मुकुट-हार ले गए

हैदरगढ़। थाना क्षेत्र के ग्राम पीपलौली और खिरिया जागीर के चार मंदिरों में चोरी की घटनाओं से ग्रामीण दहशत में हैं। चोर हनुमान मंदिर और राम-जानकी मंदिरों से भगवान के चांदी के मुकुट, हार समेत कीमती आभूषण ले गए। एक साथ हुई वारदातों के बाद पुलिस की गश्त व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, ग्राम खिरिया जागीर में बुधवार के समय चोरों ने हनुमान मंदिर और राम-जानकी मंदिर में धावा बोला। भगवान के मुकुट और अन्य जेवर चोरी कर ले गए।

सुबह करीब 6 बजे बीना रोड पर लायरा और मलियाखेड़ा गांव के बीच हुआ हादसा

मूंग कटाई के लिए जा रहे मजदूरों से भरी ट्रॉली पलटी, 2 की मौत, घायल 20 मजदूर

शनिवार सुबह करीब 6 बजे बीना रोड पर लायरा और मलियाखेड़ा गांव के बीच मजदूरों से भरी ट्रॉली पलटे गई। हादसे में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि करीब 20 मजदूरों को चोटें आई हैं। वहीं दो महिलाओं की स्थिति गंभीर बताई जा रही

दुर्घटना के वास्तविक कारण की हो रही जांच।

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा जिले के कुरवाई थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में किसान और एक मजदूर की मौत हो गई। इस दुर्घटना में बच्चों सहित 20 अन्य लोग घायल हुए हैं। यह हादसा सुबह करीब 6 बजे बीना रोड पर लायरा और मलियाखेड़ा गांव के बीच हुआ, जब मूंग की फसल काटने जा रहे मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रॉली में बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर सवार थे, जो खेतों में काम करने जा रहे थे। इन मजदूरों के साथ उनके छोटे बच्चे भी वाहन में मौजूद थे। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के ग्रामीण तुरंतमदद के लिए पहुंचे। सूचना मिलने पर कुरवाई थाना प्रभारी आरके मिश्र अपनी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर अज्ञातवाहन चालक उदासर और वैधानिक कार्रवाई की।

ट्रॉली के नीचे दबने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो महिलाओं की स्थिति गंभीर बनी हुई है

दो शवों का पोस्टमार्टम

घायलों को तुरंत कुरवाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने 55 वर्षीय किसान ऋषभ साहू उर्फ ऋषभी और उनकी पत्नी 65 वर्षीय नजबूर देवारी कौल को मृत घोषित कर दिया। दोनों शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

अस्पताल में घायल 20 वर्षीय विष्णु कोल और 35 वर्षीय रानी खेल की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। अन्य 18 घायलों का इलाज कुरवाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है, जिनमें कई मासूम बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस प्रशासन अस्पताल और घटनास्थल दोनों जगह स्थिति पर कड़ी निगरानी बनाए हुए है। प्रारंभिक जांच में ट्रैक्टर-ट्रॉली के अनियंत्रित होकर पलटने की बात सामने आई है, हालांकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों की विस्तृत जांच जारी है।

रोहिणी नक्षत्र में कल से शुरू होंगे नौतपा, 9 दिन पूरे तपे तो अच्छी होगी बारिश

सूर्य, 9 दिनों तक सूर्य पृथ्वी के सबसे नजदीक रहता है, इसलिए पड़ती है गर्मी

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

कल 25 मई से नौतपा प्रारंभ हो रहे हैं जो कि 2 जून मंगलवार तक रहेंगे। ज्योतिषाचार्य पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष सूर्य का रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश 25 मई सोमवार को दोपहर 3:58 बजे हो रहा है और 8 जून को दोपहर 3:38 तक रहेंगे। तब रोहिणी नक्षत्र में सूर्य का प्रवेश होता है तब से ही नौतपा प्रारंभ हो जाते हैं। यह नक्षत्र पहले 9 दिन अधिक तपता है। इसलिए इसे नौतपा कहते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार एक नक्षत्र में सूर्य 15 दिन रहता है। रोहिणी नक्षत्र में सूर्य 15 दिन तक रहेंगे, लेकिन 9 दिन सूर्य अधिक तपता है।

वैसे सूर्य एक राशि में 1 माह तक रहता है परंतु एक नक्षत्र में सूर्य 15 दिन रहता है। माना जाता है कि रोहिणी नक्षत्र में सूर्य का प्रवेश होते ही प्रखर ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ हो जाती है। पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि रोहिणी नक्षत्र में रोहिणी से पार में सूर्य के रहने से 9 दिनों तक लगातार किरण पृथ्वी पर गिरी क्या होता है नौतपा नौतपा है नामसुख का गर्मकाल पड़ती है। जिससे पृथ्वी पर ताप अधिक उत्पन्न होता है। जिससे पृथ्वी के भूभाग में गर्मी उत्पन्न होती है। कहते हैं कि 9 दिनों में ताप काल जितना तपता है उतनी ही अच्छी बारिश होती है। रोहिणी

सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही नौतपा शुरू हो जाता है। विगत कुछ वर्षों से सूर्य लगभग 25 मई को ही रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश कर रहे थे। इस वर्ष भी सूर्यदेव रोहिणी नक्षत्र में 25 मई दोपहर 3:58 पर प्रवेश करेंगे जो 8 जून तक इसी नक्षत्र में रहेंगे। 25 मई से 2 जून तक नवतपा माना जाएगा। नौतपा काल के यह 9 दिन होते हैं जब सूर्य पृथ्वी के सबसे नजदीक रहता है। इस कारण इन नौ दिनों में भीषण गर्मी पड़ती है इसी कारण इसे नौतपा कहते हैं। नक्षत्र में सूर्य पृथ्वी के अधिक पास आ जाते हैं जिससे पृथ्वी अधिक तपती है। बताया जाता है कि रोहिणी नक्षत्र में सूर्य के प्रवेश करते ही पराली और सूर्य के बीच की दूरी काफी कम हो जाती है। जिससे धरती पर तपन बढ़ती है। कहा जाता है कि चंद्रमा की पत्नी रोहिणी के निकट सूर्य आ जाने से रोहिणी नक्षत्र में सूर्य अधिक तपता है।

24 वाहनों के चालान बनाए, 9 जब्त

कार्रवाई: सुरक्षा मानक पूरे नहीं मिलने पर बस का फिटनेस निरस्त

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

परिवहन आयुक्त के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को ग्यारसपुर, बासौदा, कुरवाई और अशोकनगर रोड पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक चली कार्रवाई में 24 वाहन नियम विरुद्ध संचालित पाए गए, जिन पर चालानी कार्रवाई की गई।

जांच के दौरान 15 वाहनों से कुल 1 लाख 29 हजार रुपये शमन शुल्क वसूला गया, जिसमें 8 यात्री बसों से 24 हजार रुपये शामिल हैं। वहीं 9 वाहनों को प्रकरण निराकरण तक पुलिस थाना ग्यारसपुर, कुरवाई, लटेरिया एवं जिला परिवहन कार्यालय में जब्त कर सुरक्षित रखा गया है। अभियान के दौरान एक यात्री बस के सुरक्षा मानक सही नहीं पाए जाने पर उसका फिटनेस निरस्त कर दिया गया, जबकि 15 वर्ष से अधिक पुरानी बस को जब्त किया गया। विभाग के अनुसार जब्त वाहनों के प्रकरणों से करीब 3 लाख रुपए राजस्व प्राप्त होने की संभावना है।

कुरवाई-बीना रोड पर सुबह 7.30 बजे की घटना, काम करने जा रहे थे, 17 घायल

डीआर संवाददाता ✍ कुरवाई

ग्राम लाकर के पास कुरवाई-बीना रोड पर शनिवार सुबह 7.30 बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक ऋषभ उर्फ रिंकू साहू की मौके पर मौत हो गई। वह बाजा लायरा का रहने वाला था।

कटनी निवासी लेबर के मुताबिक दरअसल कोल की मौके पर मौत हो गई। ट्रॉली में बैठे कटनी के उमरिया क्षेत्र के 17 अनुसूचित जनजाति वर्ग के मजदूर घायल हो गए। लायरा पुलिस चौकी प्रभारी शंकरलाल यादव ने बताया कि सभी घायलों को कुरवाई अस्पताल लाया गया। मौके पर पहुंची एसडीओपी रोशनी सिंह ने बताया कि कंपनी रूपा से घायल रजनी पिता लल्लू, दिव्या पिता नन्हेलाल आदिवासी को विदिशा जिला

चिकित्सालय रेफर किया गया। विधायक हरिसिंह सप्रे, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम रैनी अस्पताल पहुंचे। घायलों के त्वरित इलाज की व्यवस्था कराई। शव वाहन नहीं मिलने पर किराए का वाहन उपलब्ध कराया।

घायलों को कराया भर्ती अस्पताल में शव वाहन नहीं था। दरअसल खेल का शव उमरिया, कटनी भेजने के लिए विधायक हरिसिंह सप्रे ने निजी वाहन बुलवाया। कुरवाई अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात मेडिकल आफिसर अंकिल सिंह, सीएमएचओ डॉ. कुलदीप सिंह, स्टाफ नर्स फूला सूर्यवंशी ने बताया कि ग्राम घुंडी, उमरिया के घायलों में अधिकतर महिलाएं, बच्चे हैं। शालिनी 3 साल, सपना 5 साल, सम्पू 31 साल, फूला 18 साल, राजकुमार 40 साल, गंगीबाई 50 साल, गुड़िया 30 साल, लक्ष्मी 30

चालक व मजदूर दबे

खेत के मालिक ऋषभ उर्फ रिंकू साहू उम्र 60 साल कटनी से आई लेबर को अपने खेतों में काम के लिए ले जा रहे थे। कुरवाई-बीना रोड पर अचानक ट्रैक्टर का हैंड ब्रेक लग गया। इससे ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। चालक, मजदूर ट्रॉली के नीचे दब गए।

शिक्षा संबल परीक्षा में दो विद्यार्थियों का चयन

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के विशेष प्रयासों से जिले में आयोजित शिक्षा संबल परीक्षा में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय विदिशा के दो विद्यार्थियों मनु तिवारी एवं सुमित कुमार बैरागी का चयन हुआ है। यह योजना एलएन स्टोरेवरी प्रसन्नी न्यास एवं एलन करियर इंस्टीट्यूट द्वारा संचालित है, जिसके तहत हिंदी माध्यम के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को नीट-यूजी की तैयारी के लिए 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति दी जाती है। चयनित छात्रों को कोचिंग, आवास और भोजन की सुविधा भी मिलेगी।

बेतवा नदी में डूबने से एसएटीआई छात्र की मौत, परिवार का इकलौता बेटा था

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा में बेतवा नदी में नहाने गए एसएटीआई कॉलेज के छात्र की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान हरदा निवासी 21 वर्षीय सहज उर्फ श्रवण तांते के रूप में हुई है, जो विदिशा के दुर्गा नगर में किराए से रहकर एसएटीआई कॉलेज से द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था।

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह वह अपने दो दोस्तों के साथ बेतवा नदी के घाट पर नहाने गया था। तीनों दोस्त सीढ़ियों से गहरे पानी में उतर गए और इसी दौरान उन्होंने एक साथ पानी में डुबकी लगाई। दो युवक तो बाहर आ गए, लेकिन सहज गहरे पानी में चला गया और बाहर नहीं निकल सका। दोस्तों ने शोर मचाने पर गोताखोरों और होमगार्ड की टीम ने तलाश तलाश शुरू की। करीब दो घंटे बाद उसे ब्रजेश निकटवर्ती मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

20 प्राचीन कुओं की बदलेगी तस्वीर, रिचार्ज के बाद होगा उपयोग

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा में जल संरक्षण और ऐतिहासिक धरोहरों को पुनर्जीवित करने की दिशा में नगर पालिका ने बड़ा कदम उठाया है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहर के 20 प्राचीन कुओं की सफाई और रिचार्ज पर काम किया जाएगा। इन कुओं के पानी का उपयोग सिंचाई और पौधों की सिंचाई के लिए किया जाएगा। अब तक 8 कुओं को रिचार्ज किया जा चुका है, जबकि अगले एक महीने में 20

कुओं को साफ करने का लक्ष्य तय किया गया है।

हंसी कुंडी में शुक्रवार से पुराने बना रहीम स्थित करीब 500 साल पुराने शाकल कुए की सफाई शुरू की गई है। यहां से उपलब्धता मुंडे इस कुए में गंदगी, गाद और कचरा जमा हो गई थी। नगर पालिका की टीम मोटरों की मदद से पानी निकालकर सफाई कार्य कर रही है।

नगरपालिका सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर ने बताया कि सफाई के बाद पानी के सैंपल लैब में जांच के लिए भेजे जाएंगे। पानी की गुणवत्ता सही मिलने पर उसे पेयजल के रूप में उपयोग किया जाएगा, अन्यथा पार्कों और पौधों की सिंचाई में इस्तेमाल किया जाएगा। इससे शहर की जल धरोहरों को नया जीवन मिलेगा।

अभियान | पंख कार्यक्रम के तहत स्वैच्छिक संगठनों की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

जल गंगा संवर्धन अभियान को जनआंदोलन बनाने का आह्वान, 55 संस्थाओं ने की सहभागिता

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

नप्र. जल अभियान परिषद

जिला विदिशा के रत्नाकरन में दृष्टि योजना अंतर्गत "पंख कार्यक्रम" के तहत जिला पंचायत सभाकक्ष में स्वैच्छिक संगठनों की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओपी सनोडिया ने की। जिले में कार्यरत 55 स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बैठक में सहभागिता की।

बैठक की शुरुआत जिला समन्वयक श्रीमती पूजा श्रीवास ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए की। उन्होंने नप्र. जल अभियान परिषद की विभिन्न योजनाओं एवं अब तक किए गए कार्यों की जानकारी पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी। साथ ही आगामी वैधानिक कार्ययोजना की रूपरेखा भी साझा की।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओपी सनोडिया ने स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी लेते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में स्वैच्छिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने नशामुक्ति अभियान, घुमंतू सर्वे कार्य जो समय पर पूर्ण करने तथा जल गंगा संवर्धन अभियान में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रशासन और सामाजिक संगठन मिलकर जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करें, ताकि जल गंगा संवर्धन अभियान को जनआंदोलन का रूप दिया जा सके। इस दौरान उन्होंने बताया कि 25 मई को जिलेभर में दूसरे चरण का जल बजट आयोजित की जाएगी। सभी संगठनों से अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की अपील की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी योजनाओं और गतिविधियों की जानकारी साझा की।

चलती बोलेरो पर गिरा पेड़, बड़ा हादसा टलाय 6 लोग सुरक्षित बचे

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

जिले के सहेर गांव के पास रविवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब सड़क से गुजर रही एक बोलेरो कार पर अचानक एक विशाल पेड़ गिर पड़ा। घटना के समय वाहन में छह लोग सवार थे, लेकिन सभी सुरक्षित बच गए और किसी को गंभीर चोट नहीं आई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भीषण गर्मी और तेज हवाओं के कारण सड़क किनारे खड़ा पेड़ अचानक टूटकर चलती बोलेरो पर आ गिरा। पेड़ गिरते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

घटना के बाद आसपास मौजूद लोग तुरंत मदद के लिए पहुंचे और बोलेरो में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में वाहन को नुकसान पहुंचा, हालांकि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

पेड़ गिरने के कारण कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क किनारे लगे जर्जर और सूखे पेड़ों की जांच कर उन्हें समय रहते हटाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-08,2083 | राजगढ, दिन रविवार ,दिनांक 24 मई 2026

न्यूज गैलरी

ताज कांग्रेस का पैदल मार्च और टॉर्च रैली

ब्यावरा। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में कविता धाकड़, पेपर लीक, विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं में प्रभावशाह और 12वीं सीबीएसई रिजल्ट में छात्रों के साथ हुए अन्याय के विरोध में आज कांग्रेस द्वारा टॉर्च रैली निकाली जाएगी। रैली जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व में आयोजित होगी। टॉर्च रैली शाम 6 बजे गायत्री मंदिर इंदौर नाका से शुरू होकर अंबेडकर चौराहे पर समाप्त होगी। समापन अवसर पर प्रियव्रत सिंह छात्रों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

यूजीसी नेट के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई

राजगढ़। एनटीए ने यूजीसी-नेट जून-2026 परीक्षा के लिए आवेदन करने की आखिरी डेट बढ़ा दी है। अब छात्र 23 मई तक आवेदन कर सकेंगे। इसको लेकर एजेंसी ने हाल ही में अपनी वेबसाइट पर आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। पहले आवेदन जमा करने की तारीख 20 मई थी। नए शेड्यूल के हिसाब से अब यदि किसी उम्मीदवार से फॉर्म भरते समय कोई गलती हो जाती है, तो उसे सुधारने के लिए सुधार विंडो 25 से 27 मई तक खुलेगी। फीस भरने की लास्ट डेट भी 23 मई है।

पिकअप से गेहूं चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

पीपल्या रसूल। क्षेत्र के ग्राम गिनानिया गढ़ी में पिकअप वाहन से पांच बोरी गेहूं चोरी कर रफूचक्कर हुए दो आरोपियों को बोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने करीब 12 हजार रुपए कीमत का चोरी गया गेहूं भी बरामद किया। 18 मई को बड़ौदाना खाती की शिकायत के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और साइबर सेल की मदद से जांच की। पूछताछ में धर्मेंद्र जाटव और राजेश यादव ने चोरी करना कबूल किया। पुलिस अब दोनों से अन्य मामलों में पूछताछ कर रही है।

अवैध रेत परिवहन पर प्रशासन की कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

सारंगपुर। क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। तहसीलदार आकाश शर्मा ने लगातार मिल रही शिकायतों के बाद कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार बिना वैध दस्तावेज और रॉयल्टी पर्ची के रेत का परिवहन किया जा रहा था। कार्रवाई के बाद अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया। जब्त वाहन को आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया है। तहसीलदार ने कहा कि अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

सीएनओ ने किया इंटकवेल निरीक्षण, पेयजल व्यवस्था पर दिए जरूरी निर्देश

पचोर। नगर परिषद के सीएनओ दीपक रावले ने नगर की पेयजल व्यवस्था और इंटकवेल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मोटर, पाइपलाइन, वाल्व संचालन और जल सप्लाई की स्थिति की समीक्षा की। सीएनओ ने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में पेयजल व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और लीकेज या तकनीकी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने बताया कि नदी में पर्याप्त पानी उपलब्ध है, हालांकि बढ़ती गर्मी के कारण नगर में एक दिन छोड़कर जल सप्लाई की जा रही है।

पार्वती पुल के नीचे धड़ल्ले से अवैध उत्खनन, जिम्मेदारों की अनदेखी जारी

रात से सुबह तक चल रही जेसीबी और ट्रैक्टरों की हो रही आवाजाही

डीआर संवाददाता | कुरावर

पार्वती नदी में अवैध रेत एवं मिट्टी उत्खनन का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुरावर-सीहोर सीमा क्षेत्र में स्थित पार्वती पुल के ठीक नीचे रात से लेकर सुबह तक तथा दिनदहाड़े भी जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से बड़े पैमाने पर खुदाई का कार्य लगातार जारी है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार ग्राम पीलूखेड़ी व बड़नगर निवासी चर्चित व्यक्ति द्वारा पार्वती नदी के घाट में जेसीबी मशीन और ट्रैक्टरों की मदद से उत्खनन कराया जा रहा है। नदी के बीचों-बीच गहरे गड्ढे खोदकर रेत और मिट्टी निकाली जा रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि रात के अंधेरे से लेकर सुबह तक मशीनें लगातार चलती रहती हैं और दिन के समय भी बेखौफ तरीके से उत्खनन किया जाता है। तस्वीरों में भी पार्वती पुल के नीचे नदी के खुले घाट में जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और खुदाई के निशान स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह पूरा कार्य प्रशासन की जानकारी के बिना संभव नहीं है, फिर भी कार्रवाई नहीं की जा रही। बताया जाता है कि जिस स्थान पर उत्खनन हो रहा है वह प्रशासनिक रूप से सीहोर जिले की सीमा में आता है। इसी कारण शिकायत मिलने पर कुरावर पुलिस इसे सीहोर जिले का मामला बताकर अपना पल्ला झाड़ लेती है, जबकि सीहोर जिले के जिम्मेदार विभागों द्वारा अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। नदी के सीने पर चल रहे इस अवैध उत्खनन से पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने का खतरा बढ़ गया है। जानकारों का कहना है कि पुल के नीचे लगातार खुदाई से नदी की प्राकृतिक संरचना प्रभावित होने के साथ साथ भविष्य में पुल की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

अवैध रेत परिवहन पर तहसीलदार की कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन, खनिज विभाग और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि पार्वती पुल के नीचे चल रहे अवैध उत्खनन की तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा नदी में चल रही जेसीबी और ट्रैक्टरों की गतिविधियों पर रोक लगाई जाए।

सारंगपुर। क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अवैध रेत परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। तहसीलदार आकाश शर्मा ने पाडल्या रोड पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर पुलिस थाना सारंगपुर के सुपुर्द किया। कार्रवाई के दौरान पटवारी शहजाद मंसूरी, धर्मेंद्र हुवे ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया और आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी की। जानकारी के अनुसार जिले सारंगपुर क्षेत्र में बेखौफ की तैयारी थी। प्रशासन द्वारा जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉली में रेत कालीकिंड नदी किनारे रिंचा बनावर गांव से लाई जा रही थी, को लाने समय से अवैध रेत परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं। स्थानीय नागरिकों ने भी लगातार अवैध उत्खनन और परिवहन को लेकर स्थानीय प्रशासन को सख्ती दिखाते हुए यह कार्रवाई की। तहसीलदार आकाश शर्मा ने बताया कि बिना अनुमति अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा था। सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया है। साथ ही पूरे मामले की जानकारी खनिज विभाग को भेज दी गई है, ताकि नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा सके। उल्लेखनीय है कि सारंगपुर क्षेत्र में इन दिनों अवैध रेत परिवहन एवं कारोबार तेजी से फैल रहा है। रात के समय नदी क्षेत्रों से रेत निकालकर शहर और आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई की जा रही है। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद अवैध रेत कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

पंखा कार्यक्रम के तहत स्वैच्छिक संगठनों की जिला स्तरीय बैठक

डीआर संवाददाता | राजगढ़

जिले में युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान शुद्धि के तहत भोजपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को 46.50 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त स्मैक की अनुमानित कीमत करीब 4 लाख 93 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस को आशंका है कि आरोपी नशे के सप्लाई नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहन पिता भंवरलाल तंवर निवासी ग्राम खाजली के रूप में हुई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक संदिग्ध हालत में मादक पदार्थ लेकर क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना के आधार पर भोजपुर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 46.50 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इतनी बड़ी मात्रा में स्मैक व्यक्तिगत उपयोग के लिए नहीं हो सकती। आशंका जताई जा रही है कि आरोपी जिले में सक्रिय किसी सप्लाई नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है और विभिन्न इलाकों में इसकी आपूर्ति की योजना थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है।

जांच के दौरान पुलिस आरोपी के मोबाइल संपर्क, उसके आने-जाने के रूट और उससे जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। शुरुआती जांच में स्थानीय स्तर पर नशे के नेटवर्क से जुड़े और लोगों के सामने आने की संभावना जताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ भोजपुर थाने में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

हाईवे निर्माण में लापरवाही, घरों के ऊपर झूल रहे बिजली के तार

डीआर संवाददाता | सारंगपुर

सारंगपुर के संवाददाता कस्बे से गुजर रहे नेशनल हाईवे 752 डी के निर्माण कार्य के दौरान बड़ी लापरवाही सामने आई है। ठेकेदार ने पुराने विद्युत पोल तो हटा दिए, लेकिन उनकी जगह नए पोल नहीं लगाए गए। इसके चलते कई स्थानों पर बिजली की केबलें लोगों के घरों की छतों और रास्तों के ऊपर झूल रही हैं, जिससे हादसे की आशंका बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार पचोर से जीरापुर तक करीब 5 करोड़ रुपए की लागत से विद्युत पोल शिफ्टिंग और नई केबल लाइन बिछाने का कार्य प्रस्तावित है। सड़क निर्माण के दौरान कुछ स्थानों पर पोल हटाए गए, लेकिन नई व्यवस्था अब तक पूरी नहीं हो सकी। स्थानीय लोगों का कहना है कि खुले तार और पुराने केबल आवारा फॉल्ट करती हैं और बारिश के मौसम में करंट फैलने का खतरा बढ़ जाता है।

जनहित संरक्षण जनजागरण मंच सहित स्थानीय लोगों ने विभाग और ठेकेदार पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। वहीं ठेकेदार शिवकुमार ने अपने स्तर से नई केबल और पोल लगाने का आश्वासन दिया है। विद्युत विभाग ने भी गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई की बात कही है।

ब्यावरा में आरएसएस का पथ संचलन, नगर में दिखा अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का माहौल

डीआर संवाददाता | ब्यावरा

ब्यावरा नगर में शनिवार शाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 15 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग शिक्षा वर्ग के तहत नगर पथ संचलन निकाला गया। इस दौरान नगर में अनुशासन, समरसता और राष्ट्रभक्ति का भावना देखने को मिला। शिक्षार्थियों ने एकल्य वेशभूषा में कदमताल करते हुए सरस्वती शिशु मंदिर परिसर से सुभाषिया रोड, मुख्य बाजार सहित विभिन्न मार्गों से संचलन किया। जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

ब्यावरा प्रांत द्वारा आयोजित इस 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग में 32 जिलों से करीब 232 कार्यकर्ता स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण वर्ग में स्वयंसेवकों को शारीरिक, बौद्धिक और व्यक्तित्व विकास से जुड़े विभिन्न प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। सुबह 5 बजे से रात 10:30 बजे तक चलने वाली दिनचर्या में योग, व्यायाम, शाखा पद्धति, समूह गीतों और नेतृत्व विकास गतिविधियां शामिल हैं।

संचलन के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने संघ संविधान के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता और एकता का संदेश दिया। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि शिक्षा वर्ग का प्रवर कार्यक्रम 31 मई को आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों के शामिल होने की संभावना है।

तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल लेकर पहुंचे, भोपाल रेफर किया... पैसे लेकर दिया सिलेंडर, रास्ते में खत्म हुई ऑक्सीजन

डीआर संवाददाता | ब्यावरा

शहर के एक व्यापारी की बीते रोज तबीयत बिगड़ने पर रोयल चौराहा स्थित केडी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए भोपाल रेफर कर दिया गया। मरीज को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी, इसलिए परिजनों ने अस्पताल में पैसे भी जमा करके ऑक्सीजन सिलेंडर लिया। ब्यावरा से रवाना होकर जाते नरसिंहगढ़ ही पहुंचे थे कि मरीज को सांस लेने में दिक्कत होने लगी, खुदबुद के एक अस्पताल में जब चेक कराया तो पता चला कि सिलेंडर में ऑक्सीजन ही खत्म हो चुकी है। इसके बाद दूसरी खुलेल करके मरीज को लेकर जब भोपाल के निजी अस्पताल पहुंचे तो वहां चिकित्सकों ने बताया कि इनमें गैस तो करीब 45 मिनट पहले ही हो चुकी है। परिजनों ने जैसे अस्पताल पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। [illegible] ठीक स्थिति देखर अर्जी (65) हार्ट सेंटर लाकर के व्यापारी हैं। बीते रोज सुबह उनको सीने में दर्द हुआ तो मरीज को तुरंत जनरी उनको लेकर सीधे भोपाल मौजूदा स्थित केडी अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां पर डॉक्टर कोमल दांगी ने मरीज का चेकअप किया। उनका कहना था ब्रेथ लगातार कम होता जा रहा था। साथ ही क्रिटिनिन भी बढ़ा हुआ था। ऐसे में मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए भोपाल ले जाने

10 दिन पहले भी भोपाल में भर्ती रहे थे

देवर अर्जी की सलाह 10 दिन पहले बिगड़ने पर उनको भोपाल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। क्रिटीनिन बढ़ा होने एवं लिकुनी की रिपोर्ट ठीक नहीं होने के कारण इंटेंसिवकेयरी नहीं ले पाई थी। बाद में कुछ दिन भर्ती रखकर अस्पताल ने डिस्चार्ज कर दिया था की सलाह दी गई। परिजन भी इसके लिए तैयार थे। मुश्किल ये थी कि मरीज को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। ऐसे में परिजनों ने अस्पताल में एक ऑक्सीजन सिलेंडर की मांग की। अस्पताल ने सिक्योरिटी के रूप राशि केयर सिक्योरिटी ने जमा करवाई जाती है। वेब जिसी एक छोटा सिलेंडर दिया था, क्योंकि बड़ा गाड़ी में नहीं आता। हो सकता है कि मौजूदा अवैध खोल दिया हो, जिसमें जल्दी खत्म हो गई।

कब्जा मिलने के बाद भी खेत नहीं पहुंच पा रहा परिवार, कलेक्टोरेट में दिया धरना

डीआर संवाददाता | राजगढ़

राजगढ़ जिले की खुजनेर तहसील के खेड़ाखेड़ा गांव का एक परिवार जमीन विवाद से परेशान होकर कलेक्टोरेट परिसर की पहले पार्किंग में धरने पर बैठ गया। परिवार का आरोप है कि राजस्व न्यायालय से खेत का कब्जा मिलने के बाद भी उन्हें खेत पर जाने से रोका जा रहा है और लगातार धमकियां दी जा रही हैं।

धरने पर बैठे राजेश पिता मांगीलाल ने मुख्यमंत्री के नाम आवेदन देकर कहा कि वे अनुसूचित जाति परिवार से हैं और पिछले साठ वर्षों से जमीन विवाद को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। उनका कहना है कि तहसीलदार न्यायालय ने उनके पक्ष में फैसला दिया था और 10 अक्टूबर 2022 को कब्जा भी दिलाया गया था, लेकिन विरोधी पक्ष अब भी खेत में जाने से रोक रहा है। परिवार ने फसल खराब करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप भी लगाए हैं। देर रात एसडीएम निधि भाण्डारकर और तहसीलदार विनीत गोयल मौके पर पहुंचे और परिवार को रेन बसेरा पहुंचाया। वहीं उपखंड डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कहा कि मामले में प्रतिवेदन मांगा गया है और नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

श्रीराम महा यज्ञ

शोभायात्रा, यज्ञोपवीत संस्कार और वैदिक मंत्रोच्चार से 7 दिन श्रीराम महायज्ञ प्रारंभ

– 36 वर्ष से अखंड पाठ व घी की ज्योत बनी आस्था का केंद्र

डीआर संवाददाता | सारंगपुर

हरना में सात दिवसीय श्रीराम महायज्ञ और भागवत कथा का शुभारंभ

सारंगपुर। ग्राम हरना स्थित हनुमान मंदिर परिसर में शनिवार को सात दिवसीय श्रीराम कथा और श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। आयोजन की शुरुआत भव्य शोभायात्रा के साथ हुई, जिसमें सामीलों और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुख्य यजमानों का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न कराया गया और विश्व कल्याण की कामना के साथ महायज्ञ का शुभारंभ किया गया।

महायज्ञ का संचालन सद्गुरुवर्य पंडित मोहनलाल व्यास और पंडित रोकड़ व्यास द्वारा कराया जा रहा है। मुख्य यजमान कैलाश पटेल, नाथूलाल चौधरी सहित अन्य यजमान क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति के लिए वैदिक मंत्रों के साथ आहुतियां दे रहे हैं। आयोजन के चलते पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। यज्ञशाला में श्रद्धालुओं की लगातार भीड़ उमड़ रही है और लोग श्रद्धापूर्वक परिक्रमा कर रहे हैं।

23 से 29 मई तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन के तहत प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 11 बजे तक भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक पंडित दीपक उपाध्याय भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के लीला प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कृति और संस्कारों का संदेश दे रहे हैं। कथा सुनने के अवसर पर यहां धार्मिक अनुष्ठानों की परंपरा निभाई जाती है।

आयोजन समिति के अनुसार सात दिवसीय कार्यक्रम का समापन 29 मई को विशाल कलश यात्रा, महायज्ञ की पूर्णाहुति और महाप्रसादी वितरण के साथ किया जाएगा।

हर थानों में बढ़ेंगे सीसीटीवी, अपराध नियंत्रण को लेकर एसपी के निर्देश

डीआर संवाददाता | राजगढ़

राजगढ़ जिले में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक अमित-सुरेश तोलानी ने अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में जिले के सभी एसडीओपी, थाना प्रभारी और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान एसपी ने लंबित प्रकरणों, गंभीर अपराधों, महिला अपराधों, चोरी और संपत्ति संबंधी मामलों की समीक्षा की। उन्होंने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी में तेजी लाने और स्थाई वारंटियों की धरपकड़ के निर्देश दिए। साथ ही थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में जनसहयोग से अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए अभियान चलाने को कहा।

एसपी ने चोरी और नकबजनी जैसी घटनाओं के लंबित खुलासे पर जोर देते हुए परिवादियों की शिकायतों की संवेदनशीलता के साथ सुनवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का समय-सीमा में निपटारा, पुलिस चौपाल आयोजन और संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभावी पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।